रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33001/96 REGISTERED No. DL—33001/96

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 48] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 30, 1996 (अग्रहायण 9, 1918)
No. 48] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 30, 1996 (AGRAHAYANA 9, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	735
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1035
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	11
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1713
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उप-विधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1319
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	953
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	5723
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	313
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	*

CONTENTS

	PAGE
PART I— SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	735
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1035
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	11
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1713
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)— Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories).	*
PART II—SECTION 3—SUB SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1319
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	953
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	5723
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	313
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc., both in English and Hindi	*

*Portion not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 1996

सं० 87-प्रेस/96—राष्ट्रपति, निम्नलिखित को उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

पुजारी मणिक्यम,
आन्ध्र प्रदेश
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 अप्रैल 1995)

पुजारी मणिक्यम सिरनापेट गांव जिला वारंगल वामपंथी उग्रवादी ग्रुपों द्वारा की गई हिंसा के खिलाफ बोलने में निडर और मुखर थे। जिसके परिणामस्वरूप वे उग्रवादियों का निशाना बने।

प्रतिबंधित उग्रवादी ग्रुप ने पुजारी मणिक्यम और उनके चचेरे भाई आदिनारायण से पार्टी फंड के लिए सिरनापेट गांव वालों से 6 लाख रुपए एकत्र करने को कहा। 20-4-95 को सायं करीब 7.30 बजे जब पुजारी मणिक्यम ने उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो दालम नेता धर्मण्णा ने अपने साथियों से दोनों पुजारी भाइयों के हाथ पीछे बांधने के लिए कहा। तदनुसार दालम सदस्यों ने पहले पुजारी आदिनारायण के हाथ बांधे पर वह चौकन्ना हो गए और उनके चंगुल से बचने के लिए भागे। उग्रवादियों ने उनका पीछा किया और कुल्हाड़ी मारकर उनकी हत्या कर दी।

अपनी जान का खतरा भांपकर पुजारी मणिक्यम ने मरते दम तक लड़ने का निश्चय किया। जब उग्रवादी उसकी ओर बढ़े तो उसने हाथ से एक उग्रवादी की छाती पर जोरदार प्रहार किया जिसके परिणामस्वरूप उसने खून की उल्टी की और उसी क्षण उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने एक दूसरे उग्रवादी पर अपने घूंसे से जोरदार प्रहार किया। इसके परिणामस्वरूप वह उग्रवादी जमीन पर गिर गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। इसी समय उसकी आंखों पर टार्च की रोशनी फेंकी गई और दालम के शेष सभी सदस्य उस पर झपट पड़े और कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। अपनी मृत्यु से पहले मणिक्यम ने दालम नेता धर्मण्णा को पकड़कर उसे घायल कर दिया।

इस प्रकार पुजारी मणिक्यम ने यह जानते हुए कि उनकी मृत्यु सन्निकट है अनुकरणीय एवं उत्कृष्ट वीरता प्रदर्शित की और वे अपने साहसिक कार्य से युवकों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने।

सुधीर नाथ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 88-प्रेज/96—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को शत्रु का मुकाबला करने में वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. कैप्टन साहिल शर्मा
(आई० सी०-51806)
आर्टिलरी (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 फरवरी, 1995)

आर्टिलरी के 110 फील्ड रेजिमेंट के साथ संबद्ध 207 फील्ड रेजिमेंट के कैप्टन साहिल शर्मा ने "आपरेशन मेघदूत" में बिलाफोंडला ग्लेशियर में अग्र निगरानी चौकी का कार्य स्वेच्छा से स्वीकार किया और अपने कार्यकाल में उन्होंने शत्रुपक्ष की निगरानी चौकी छह बंकर एक फाइबर कांच की झोंपड़ी गोलीबारूद की भारी मात्रा ध्वस्त की और 105 मि० मी० तोपों को निष्क्रिय किया।

22 फरवरी 1995 को 1300 बजे शत्रुपक्ष की श्री पिपल चौकी को घेरने के आदेश मिलने पर उन्होंने तोपों से गोलीबारी शुरू की। 1500 बजे शत्रुपक्ष ने सही और भारी मात्रा में एयर बर्स्ट आर्टिलरी फायर करके हमले का प्रतिकार किया। उन्होंने बमुश्किल 10 राउंड के ही निर्देश दिए होंगे कि एयर बर्स्ट छर्रों के सिर पर लगने की वजह से वे अपने स्थान पर ही अटक गए। अविरल

रक्त-प्रवाह होने के बावजूद वे जब तक गोलीबारी के निर्देश देते रहे जब तक कि शत्रुपक्ष की चौकी पूर्णतः ध्वस्त नहीं हो गई। 30 डिग्री सेल्सियस से भी कम तापमान और 90 कि० मी० प्रति घंटे की गति से चल रही तीव्र वायु का सामना करते हुए इस अफसर ने शत्रुपक्ष की भीषण गोलीबारी का मुकाबला किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की नितांत परवाह न करते हुए उस चौकी पर अपनी आर्टिलरी से गोलीबारी करने के निर्देश देते रहे जब तक कि उनके शरीर में रक्त की अंतिम बूंद भी शेष रही । बाद में बेस कैम्प में इस अधिकारी की उसे लगी चोटों की वजह से मृत्यु हो गई।

इस प्रकार कैप्टन साहिल शर्मा ने अटूट साहस व्यावसायिक कुशलता, समर्पण-भावना और परिपक्वता का परिचय देकर शत्रु का सामना करते हुए सौंपे गए संक्रियात्मक कार्य को पूरा करने से सर्वोच्च बलिदान किया।

2. 4055685 हवलदार सुरेन्द्र सिंह
गढ़वाल राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 जून, 1995)

15 जून 1995 को 4 गढ़वाल राइफल्स के हवलदार सुरेन्द्र सिंह सियाचिन ग्लेशियर में सबसे दूर तथा दुर्गम्य चौकी टाइगर हैंडल में मोर्टार टुकड़ी के कमांडर थे। शत्रु टाइगर हैंडल पर भारी गोलीबारी कर रहे थे। हवलदार सुरेन्द्र सिंह शत्रु की गोलीबारी की परवाह न करके अपने मोर्टारों को लगातार शत्रु प्रेक्षण चौकी पर गोलाबारी करने लगे।

शत्रु की ओर से हो रहे अचूक गोलाबारी के बावजूद हवलदार सुरेन्द्रसिंह अपने साथियों का हौंसला बढ़ाते रहे और एक साथ मिल-कर मुकाबला करते रहे। जब प्रभावन तथा ठंडक के कारण मोर्टार से सदस्यों में से एक गिर पड़ा तो हवलदार सुरेन्द्र सिंह ने पोजीशन लेकर स्वयं ही मोर्टार से फायर करने लगे तथा मोर्टार पोजीशन कमांडर की ड्यूटियां भी करते रहे। –40 डिग्री सेल्सियस से नीचे के तापमान लगभग 80 कि० मी० प्रति घंटे से चल रही वायु और शत्रु की अचूक गोलाबारी के बीच हवलदार सुरेन्द्र सिंह शत्रु पर अचूक प्रतिकारात्मक गोलाबारी करते रहे।

हवलदार सुरेन्द्र सिंह मोर्टार पोजीशन पर थे तभी शत्रु की ओर से की जा रही गोलाबारी में से बम का एक टुकड़ा उनकी पीठ में आ लगा। किन्तु घाव की परवाह न करते हुए वे शत्रु प्रेक्षण चौकी पर अचूक गोलाबारी करते रहे तथा उसे निष्क्रिय कर दिया। हवलदार सुरेन्द्र सिंह ने इस प्रकार गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद मोर्टार पोजीशन छोड़ने से इंकार कर उच्च परंपराओं तथा श्रेष्ठ पराक्रम का प्रदर्शन किया। अंततः वे मूर्छित होकर वहीं गिर पड़े।

इस प्रकार हवलदार सुरेन्द्र सिंह ने उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता अनुकरणीय साहस का परिचय देकर शत्रु का सामना करते हुए सर्वोच्च बलिदान किया।

सुधीर नाथ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 89–प्रेज/96—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1 मेजर बाबू राम कुशवाहा,
(आई० सी०–42655), से० मे०,
असम रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 जून, 1995)

असम रेजिमेंट के मेजर बाबू राम कुशवाहा राष्ट्रीय राइफल्स की दूसरी बटालियन में चार्ली कंपनी कमांडर की ड्यूटियां करते आ रहे हैं। इन्होंने प्राप्त की गई विशिष्ट सूचना के अनुसार जम्मू-कश्मीर के अनन्तनाग जिले में स्थित इंकिंगम गांव में 21.00 बजे आतंकवादियों के गुप्त ठिकाने पर छापा मारा।

इन्होंने अपनी तीन प्लाटूनों को साथ लेकर भागने के सभी रास्ते की नाकेबंदी करके अपनी कंपनी मुख्यालय ग्रुप के साथ आतंकवादियों के गुप्त ठिकाने पर धावा बोलकर तिमंजिली इमारत की ऊपरी मंजिल से हिज्ब-उल मुजाहिदीन के कंपनी कमांडर को पकड़ लिया।

सैन्य टुकड़ियां घेराबन्दी तोड़ने की तैयारी में लग रही थीं कि आतंकवादियों ने पकड़े गए व्यक्ति को बचकर भाग निकलने में सहायता प्रदान करने के लिए गांव के बाहर से कंपनी कमांडर के सैन्य दल पर गोलीबारी कर दी। मेजर बाबू राम कुशवाहा ने तुरन्त गोलीबारी करने वाले आतंकवादियों का पीछा किया। घुप अंधेरा ऊंची-नीची जमीन और कई नालों के होने के बावजूद इन्होंने अकेले ही दो आतंकवादियों को धराशायी कर उनसे एक ए० के० 47 राइफल, 20 राउंड समेत एक मैगजीन और हथगोला बरामद करके अपनी कमान के नियंत्रणाधीन सैनिकों की जान बचाई। हिजबुल मुजाहिदीन के कंपनी कमांडर से रातभर पुछताछ किए जाने के परिणामस्वरूप 12 जून, 1995 को आतंकवादियों के गुप्त ठिकाने से एक यूनिवर्सल मशीन गन बरामद की गई।

इस प्रकार मेजर बाबू राम कुशवाहा, से० मे० ने आतंक वादियों का सामना करते हुए असाधारण नेतृत्व के गुणों और अदम्य साहस का परिचय दिया।

2. मेजर महेश चन्द्र,
(आई० सी०–44725),
इंजीनियर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 जून, 1995)

14 जून, 1995 को 107 इंजीनियर रेजिमेंट सेना विकास दल के मेजर महेश चन्द्र को उनके सैन्य दल के

साथ "संक्रिया गुड ममेरिटन" के तहत विकास एवं पुनर्वास कार्यों के लिए मणिपुर के चंदेल जिले में स्थित डरक् गांव में सर्वेक्षण के लिए भेजा गया था ।

जब यह दल 1600 बजे चाकपिकारोंग के समीप स्थित डरक् गांव के नजदीक पहुंचा तो इस पर विद्रोहियों ने घात लगाकर अचानक हमला कर दिया । इस हमले को रोकने के लिए मेजर महेश चन्द्र ने अपने सैन्य दल के साथ तुरन्त जवाबी गोलीबारी कर दी । इस मुठभेड़ में मेजर महेश चन्द्र के टखने और रीढ की हड्डी में लाइट मशीन गन की गोली आ लगी । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मेजर महेश चन्द्र इस हमले का जवाब देने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ अपने सैन्य दल का नेतृत्व करते रहे । इस कार्रवाई के दौरान इस अफसर ने अपनी जान जोखिम में डालकर अनुकरणीय नेतृत्व के गुण और साहस का परिचय दिया । इसकी आक्रामक कार्रवाई और वैयक्तिक आदर्श से इनके जवानों की जान बच गई और हथियारों की हानि भी नहीं हुई । इनकी जान तो बचा ली गई किन्तु अधरसंगाघात हो जाने के कारण ये विकलांग हो गए हैं ।

इस प्रकार मेजर महेश चन्द्र ने विद्रोहियों का मुकाबला करते हुए अदम्य साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

3. कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल,
(आई० सी०-48069),
विशेष सैन्य बल रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 जून, 1995)

जम्मू-कश्मीर में जाकर नाके जंगलों में अवस्थित गुप्त स्थानों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से घुसपैठ कर रहे उग्रवादियों को पकड़ने के लिए विशेष सैन्य बल रेजिमेंट की 9वीं बटालियन साहसी टीम 24 जून, 1995 को निकल पड़ी । भीषण वर्षा में रात के समय शमशाबाडी पहाड़ियों पर उच्च तुंगता के उबड़खाबड़ रास्तों पर कैप्टन रामबिन्दर सिंह अपनी टुकड़ी के साथ आगे की ओर बढ़े और सतत निगरानी के पश्चात भारी लकड़ियों से अटे हुए नाले में उग्रवादियों की उपस्थिति का पता चला ।

कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल स्वेच्छा से गुप्त स्थानों पर चढ़ गए और रात समाप्त होते ही उग्रवादियों की खोज करने के लिए नाले की ओर आगे बढ़े । गुप्त स्थान के संतरी का पता लगने पर कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल आगे की ओर बढ़े और संतरी को मार डाला । फायरिंग की आवाज सुनकर उग्रवादी सजग हो गए और सैन्य टुकड़ियों पर भीषण गोलीबारी करने लगे । कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल अपने आदमियों को जवाबी गोलीबारी करने के आदेश दिए और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना ललकारते हुए आगे बढ़े । कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल ने एक ग्रेनेड फेंका और वे आगे की ओर बढ़े । उन्होंने एक उग्रवादी को जो एक खंदक में से वार कर रहा था, उसके सिर पर राइफल की चोट करके मार गिराया । इसके उपरांत गोलियों की वर्षा की परवाह न करते हुए कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल ग्रेनेड फेंकते हुए तथा गोलीबारी करते हुए गुप्त स्थान में प्रविष्ट हुए । जब उनका गोली-बारूद समाप्त हो गया तब कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल ने जीवित बचे अंतिम उग्रवादी को खाली हाथों से ही कस कर जकड़ लिया ।

इस प्रकार कैप्टन रामबिन्दर सिंह गिल ने वीरता, अदम्य साहस, असाधारण कोटि के नेतृत्व और अपने साथियों की सुरक्षा के प्रति अत्यधिक सतर्कता का परिचय दिया ।

4. 2470981 हवलदार लखविन्द्र सिंह
पंजाब रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 जुलाई 1995)

20 जुलाई 1995 को एक खोजी कार्रवाई में जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में तहसील सोपोर के बूना बदूर गांव पहुंचते समय आतंकवादियों ने सैन्य टुकड़ियों पर गोलीबारी करके कृषि महाविद्यालय के स्टाफ क्वार्टरों में भाग गए । 26 पंजाब के हवलदार लखविन्द्र सिंह उस खोजी दल में शामिल थे जिसे आतंकवादियों ने एक मकान के प्रथम तल पर रोक लिया गया था ।

खोजी दल के लिए खतरा महसूस करते हुए हवलदार लखविन्द्र सिंह ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए और अनुकरणीय साहसर्य से अपने एक साथी को एक तरफ धकेल दिया तथा शेष खोजी दल को अपनी आड़ में ले लिया । इस प्रकार उन्होंने अपने साथियों के प्राणों की रक्षा की । तथापि इस कार्रवाई में उनके दाहिने कन्धे में गोली आ लगी ।

यह समझकर कि आतंकवादी भाग सकते हैं हवलदार लखविन्द्र सिंह ने गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए उस मकान पर धावा बोल दिया और हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक स्वयं-भू कम्पनी कमांडर सहित दो खूंखार सशस्त्र आतंकवादियों को मार गिराया । दोनों ओर से की गई गोलीबारी में एक गोली उनके सिर में आ लगी और 20 जुलाई 1995 को वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस प्रकार हवलदार लखविन्द्र सिंह ने वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और आत्म बलिदान का परिचय दिया ।

5. 2681488 ग्रेनेडियर सुरेन्द्र सिंह मान ग्रेनेडियर्स । (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 जुलाई 1995)

22 जुलाई 1995 को 2 ग्रेनेडियर्स की डेल्टा और चार्ली नायक कंपनियों को जम्मू-कश्मीर में बडगांव जिले के सोइबग गांव में तलाशी लेने का काम सौंपा गया था । लगभग 1150 बजे यह सूचना मिली कि भाड़े पर लिए गए विदेशी आतंकवादी इस गांव में एक मकान में छिपे हुए हैं ।

2 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर सुरेन्द्र सिंह मान ने स्वेच्छा से सबसे पहले इस मकान में घुसने की पेशकश की जब वे मकान के अन्दर पहुंचे तो उन्हें भूतल पर कोई आतंकवादी नहीं मिला । उसके बाद वे तीव्रगति से पहली मंजिल की ओर बढ़े वहां तक पहुंचने के लिए छोटी-छोटी सीढ़ियां लगी हुई थीं । ग्रेनेडियर सुरेन्द्र सिंह मान तेजी से सीढ़ियों की ओर जाने लगे कि इतने में आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी कर दी । परन्तु वे रुके नहीं और जवाबी गोली-बारी करते हुए आगे बढ़ते रहे । उन्होंने भाड़े पर लिए गए एक विदेशी आतंकवादी को तुरन्त मार गिराया और गोलिया से बुरी तरह से घायल होने के बावजूद भाड़े पर लिए गए दूसरे आतंकवादी के निकट पहुंचे और बुरी तरह से घायल होने के कारण वीरगति प्राप्त करने से पूर्व उसे भी मार गिराया ।

इस प्रकार ग्रेनेडियर सुरेन्द्र सिंह मान ने आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना करते हुए असाधारण वीरता का परिचय देकर सर्वोच्च बलिदान किया ।

6. 2683379 ग्रेनेडियर रंजीत ग्रेनेडियर । (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 जुलाई 1995)

ग्रेनेडियर रंजीत 2 ग्रेनेडियर्स की डेल्टा कंपनी के त्वरित प्रत्याक्रमण दल में शामिल थे । इस दल ने 22 जुलाई 1995 को जम्मू-कश्मीर में सोइबग गांव में उस मकान की घेराबंदी की जिसमें भाड़े पर लिए गए विदेशी आतंकवादी छिपे हुए थे ।

मकान की घेराबंदी करते ही आतंकवादियों को आत्म-समर्पण करने के लिए चेतावनी दी गई । जब कोई जवाब नहीं मिला तो मकान पर धावा बोलने का निर्णय लिया गया । लगभग 12.15 बजे ग्रेनेडियर रंजीत ने स्वेच्छा से एक अन्य साथी के साथ मकान पर चढ़ाई करने के लिए पेशकश की । मकान में पहुंचते ही भूतल पर कोई आतंक-वादी नहीं मिला इसलिए छोटी सी सीढ़ी से चढ़कर पहली मंजिल पर हमला किया गया । आगे खड़ा उनका साथी सैनिक पहली मंजिल से दो विदेशी आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया । वह सीढ़ियों के सबसे ऊपरी सिरे पर पहुंचा और दोनों विदेशी आतंकवादियों का काम तमाम करने के बाद घायल होने के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

ग्रेनेडियर रंजित बिना किसी हिचकिचाहट के अपने साथी सैनिक को छुड़ाने दौड़ पड़े पर इस बीच अलमारी के पीछे से मोर्चा लिए हुए दो अन्य विदेशी आतंकवादियों की गोलीबारी में फंस गए । भारी गोलीबारी से भयभीत हुए बिना ग्रेनेडियर रंजीत उनके निकट पहुंचे और पहले विदेशी आतंकवादी को मार गिराते समय गरदन और जांघ में गोली लगने से घायल हो गए ।

गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद ग्रेनेडियर ने दूसरे विदेशी आतंकवादी को भी मार गिराया । उसके बाद वे अपने साथी सैनिक के पास गए और उसे अपनी पीठ पर लादकर सीढ़ियों से नीचे उतार लाए । तत्पश्चात ग्रेनेडियर रंजीत गंभीर रूप से घायल होने के कारण मकान के बाहर वीरगति को प्राप्त हो गए ।

इस प्रकार ग्रेनेडियर रंजित ने अपनी जान की बाजी लगाकर अपने साथियों को बचाने में अनुकरणीय साहस और निःस्वार्थ कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

7. सैकंड लेफ्टिनेंट ललित शर्मा (एस०एम०—36231), ग्रेनेडियर

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 अगस्त, 1995)

3 ग्रेनेडियर पोस्ट के सैकंड लेफ्टिनेंट जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में समुद्र तल से 11390 फुट की ऊंचाई पर बोदम म्बल जंगल में डोमरी गली में कमांडर के रूप में तैनात थे ।

10 अगस्त, 1995 को सैकंड लेफ्टिनेंट ललित शर्मा को साथ की चौकी से होकर घुसपैठ करने की सूचना मिली । इन्होंने घुसपैठियों का पीछा किया और गहन जंगल में सुबह दस बजे उग्र-वादियों तक पहुंच गए । भारी गोलीबारी में घिर जाने से ये तथा इनका साथी घायल हो गए और इन्होंने भीषण जवाबी गोलीबारी की । घुटने से अत्यधिक रक्तस्राव होने के बावजूद ये घिसटते हुए एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक गए और अपने हल्की मशीन गन ग्रुप को तैनात कर दिया ताकि उग्रवादियों पर काबू पाया जा सके । सैकंड लेफ्टिनेंट ललित शर्मा रेडियो आपरेटर के साथ रेंगकर बाईं ओर से आगे बढ़े और भारी गोलीबारी से उग्रवादियों को असमंजस में डालते हुए उनमें से दो को मार गिराया । छिपकर की गई यह लड़ाई चार घंटे तक चली जिसमें सैकंड लेफ्टिनेंट ललित शर्मा घायल हो गए परन्तु उन्होंने सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने से मना कर दिया और दोपहर बाद ढाई बजे तक इस संक्रिया के सफलतापूर्वक पूरा होने तक वे लगातार लड़ाई करते रहे ।

सैकंड लेफ्टिनेंट शर्मा ने अदम्य साहसपूर्वक अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए गम्भीर रूपसे घायल होने के बावजूद मात

रहते हुए अपने साथियों को प्रेरित करके स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। इस संक्रिया के परिणामस्वरूप भाड़े के पांच अफगान उग्रवादी मारे गए और उनसे आठ हथियार व गोला-बारूद बरामद हुआ।

इस प्रकार सैकंड लेफ्टिनेंट ललित शर्मा ने आतंकवादियों से लड़ते हुए असाधारण वीरता, अटूट भावना और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. 2673821 लांस नायक परसा राम जाट, ग्रेनेडियर्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 अगस्त, 1995)

3 ग्रेनेडियर्स के लांस नायक परसा राम जाट 10 अगस्त, 1995 को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के बोदरामबाल जंगल में पनाह लिए उग्रवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मारने पहुंचे खोजी दल के सदस्य थे।

घने जंगल से गुजरते समय, लांस नायक परसा राम ने कुछ हलचल देखी। जैसे ही उन्होंने सैन्य दल को सचेत किया उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से उन पर भारी गोलीबारी करना शुरू कर दिया। लांसनायक परसाराम ने चट्टान के पीछे एक उग्रवादी को देखा। वे लगभग 10 मीटर तक रेंगते हुए आगे बढ़े तथा उस उग्रवादी को मार गिराया जो सैन्यदल की किसी भी कार्रवाई में प्रभावी ढंग से बाधा डाल रहा था। अचानक बाईं तरफ से एक उग्रवादी गोलियां चलाता हुआ बाहर निकला तथा परसा राम के सीने में दो और ऊरू मूल में एक गोली मारकर उन्हें घायल कर दिया मरने से पूर्व, बुरी तरह से घायल, पराक्रमी सिपाही ने उग्रवादी पर धावा बोल दिया तथा वहीं उसे गोलियों से भून दिया। कार्रवाई पूरी होने के बाद वीर योद्धा का शव मारे गए उग्रवादियों से मुश्किल से दो मीटर की दूरी पर पड़ा था।

इस प्रकार लांस नायक परसा राम जाट ने आतंकवादियों का मुकाबला करने में अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना वीरता और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया।

9. 80224997—डब्ल्यू० कंपनी हवलदार मेजर रघुराज सिंह सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 अगस्त, 1995)

1816 पायनियर कंपनी (सेना) के कंपनी हवलदार मेजर रघुराजसिंह सुरक्षा दल के इंचार्ज थे जिसके अंतर्गत 5 सैनिक पायनियरों को सेतुक परियोजना के अधीन दक्षिणी त्रिपुरा में अत्यधिक उग्रवादग्रस्त क्षेत्र में तैनात किया गया था।

11अगस्त, 1995 को जलेया सुरक्षा दल पर उग्रवादियों ने उस समय घात लगाकर हमला किया जब उनकी गाड़ी दो पहाड़ियों के बीच ढालू स्थान से गुजर रही थी। पहाड़ी के दोनों शीर्षों से सुरक्षा दल पर गोलियों की बौछार हुई। कंपनी हवलदार मेजर रघुराज सिंह तत्काल चिल्लाकर युद्ध का आह्वान किया और सुरक्षा दल को गाड़ी से बाहर कूदकर सुरक्षित स्थान पर जाने व उग्रवादियों को व्यस्त करने के लिए उकसाया। इसी दौरान इन्हें एक गोली लगी जो कि पेट के बाईं और आंतों को चीरती हुई निकल गई। गहरी चोट, दर्द और बहते हुए खून की परवाह न करते हुए इन्होंने रेंगते हुए मोर्चा संभाला और अन्तिम सांस तक उग्रवादियों का सामना किया।

इस प्रकार कंपनी हवलदार मेजर रघुराज सिंह ने अपने दो कामरेडों के अमूल्य प्राणों की रक्षा करने में वीरता, अदम्य साहस, बुद्धिचातुर्य, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान किया।

10. 3385814 लांस नायक सतनाम सिंह, सिख रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 अगस्त, 1995)

16 अगस्त, 1995 को सिख रेजिमेंट के लांसनायक सतनाम सिंह जोकि 16 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात थे, नागालैण्ड के मोकोकचुंग जिले के 'शिशिमी गांव में मोकोकचुंग–जुन्हेबोटो सड़क पर पहरा देने वाले दल के अग्रणी सदस्य थे।

बहुत ही सावधान रहने के कारण उन्होंने देखा कि 15–20 भूमिगत विद्रोही सड़क से 10–15 मीटर की दूरी पर घात लगाए बैठे हैं। लांस नायक सतनाम सिंह द्वारा ललकारे जाने पर उन्होंने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। जांघों इससे लांस नायक सतनाम सिंह के पेट के निचले हिस्से और पर घाव हो गए।

अत्यधिक घायल हो जाने पर भी लांस नायक सतनाम सिंह ने इस गंभीर स्थिति में धैर्य नहीं खोया और भारी साहस एवं वीरता का परिचय दिया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए लांस नायक सतनाम सिंह ने भूमिगत विद्रोहियों पर लगातार गोलीबारी करके, 16 अगस्त, 1995 को सुबह 7 बज कर 20 मिनट पर अपने घावों के कारण वीरगति प्राप्त करने से पूर्व भूमिगत विद्रोहियों के घात लगाकर बैठे दल के कमांडर का काम तमाम कर दिया। उनकी इस बहादुरी और उत्कृष्ट कार्रवाई के परिणाम स्वरूप भूमिगत विद्रोहियों को वह स्थान छोड़ना पड़ा जहां वे घात लगाकर बैठे थे और साथ ही उन्होंने अपने साथियों के जीवन की रक्षा भी की।

इस प्रकार लांस नायक सतनाम सिंह ने अपनी जान की बाजी लगाकर उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस और अत्यधिक कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

11. मेजर कलुवाकोलन भूषन (आई०सी०– 45685)
से०मे० , विशेष बल रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 अगस्त, 1995)

9 विशेष बल रेजिमेंट के मेजर कलुवाकोलन भूषन जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले की लोला बघाटी अल्फा दल का नेतृत्व कर रहे थे। इन्होंने घने जंगल में लगभग 9500 फुट ऊंचाई पर छिपे हुए भाड़े पर लिए गए खूंखार विदेशी आतंकवादियों के "लशकरए-तोयबा" नामक गिरोह के ठिकाने पर छापा मारने की योजना बनाई।

यह दल 26 अगस्त, 1995 को 0230 बजे कमांडो बेस पर पहुंचा। तत्पश्चात मेजर कलुवाकोलन भूषन अपने दल के पांच सदस्यों के साथ उस गुप्त ठिकाने तक गए जो विशाल और सुसंगत प्राकृतिक गुफा थी। इस दल के एक सदस्य के फिसलते ही गुप्त ठिकाने के संतरी ने खतरे का संकेत दे दिया। मेजर कलुवाकोलन, से०मे० ने अपनी जान भारी जोखिम में डालकर अपनी कार्रवाई को संरक्षण प्रदान करने के लिए हथगोला फेंकते हुए धावा बोलकर अपने उस जे०सी०ओ० को संकेत दिया जिसने अपनी ए०के० 47 राइफल से फायर करके संतरी को मार गिराया। इसके बाद बचे हुए आतंकवादियों ने गोलियों की बौछार कर दी।

मेजर कलुवाकोलन भूषन अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना आगे बढ़े किन्तु इन्हें एक आतंकवादी ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए इनका गला दबाकर पकड़ लिया। मेजर कलुवाकोलन भूषन ने अपनी पूरी ताकत लगाकर स्वंय को आतंकवादी के चंगुल से छुड़ा लिया और उन्हें खड़ी चट्टान पर पटक कर वहीं पर मार डाला। इसके बाद इन्होंने हथगोला फेंक कर एक ही बार में दो आतंकवादियों को मार गिराया। तत: यह बहादुर अफसर गोलीबारी की बौछार के बीच से गुजर कर हथगोले फेंकता रहा और कूनहे का सहारा लेकर फायर करते हुए गुफा में छुप गया। इनके पैरों पर दो अन्य आतंकवादियों के शव गिरे हुए थे। इस कार्रवाही में इस ऊर्जस्वी एवं आक्रमण शील अफसर ने पांच आतंकवादियों का सफाया कर उनसे आठ हथियार और भारी मात्रा में उन्नत विस्फोटक यंत्र बरामद किए।

इस प्रकार मेजर कलुवाकोलन भूषन, सेना मेडल ने आतंकवादियों के साथ लड़ते हुए अदम्य साहस और उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया।

12. 15102128 गनर प्रेम कुमार सिंह, आर्टिलरी
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 सितम्बर, 1995)

24 सितम्बर, 1995 को 1635 बजे जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में चाकलू गांव में स्थित औषधालय की चारों ओर से घेराबंदी करते समय आतंकवादियों ने हथगोले फेंक कर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

29 राष्ट्रीय राइफल्स के गनर प्रेम कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो जाने और उनके पेट के नीचे का हिस्सा लगभग पूरी तरह से निष्क्रिय हो जाने के बावजूद रेंगकर एक आड़ के पीछे से गोलीबारी करने के ठिकाने तक पहुंचे और अपनी स्वचालित हल्की मशीन गन से स्टीक और भारी जवाबी गोलीबारी करने लगे। मंथरगति से बेहोश होने की परवाह न करते हुए उन्होंने अटल निश्चय और असाधारण साहस के साथ आतंकवादियों को उलझाए रखा।

उनकी स्टीक और निरन्तर की गई जवाबी गोलीबारी के परिणामस्वरूप आतंकवादियों पर काबू पा लिया गया और औषधालय की निकट से कारगर घेराबंदी कर ली गई परिणामत: एक बार की गई इस कार्रवाई में दस आतंकवादी मारे गए और 9ए के० राइफलें बरामद कर ली गईं।

इस प्रकार गनर प्रेम कुमार सिंह ने भारतीय सेना की उच्च परंपराओं के अनुरूप असाधारण वीरता का परिचय देकर सर्वोच्च बलिदान किया।

13. मेजर गणेश मदप्पा (आई सी–45207) कविचम कोर
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 सितम्बर, 1995)

27 सितम्बर, 1995 को कविचम कोर 36 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर गणेश मदप्पा को जम्मू-कश्मीर के बिजबिहारा जिले के बछरु गांव में उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर छापा मारने का कार्य सौंपा गया था।

रात साढे आठ बजे जब उनकी कम्पनी उग्रवादियों के छिपने के स्थान की ओर बढ़ रही थी तो तीन उग्रवादियों उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी और आगे चल रहे जवान को घायल कर दिया। मेजर गणेश मदप्पा ने कुशल नेतृत्व और प्रत्युत्पन्नमति का परिचय देते हुए तत्काल उस मकान को घेर लेने का आदेश दिया और वे स्वयं दरवाजा रोकने के लिए तेजी से उस ओर बढ़े। इस तीव्र प्रतिक्रिया को देखते ही उग्रवादी निकल भागने के लिए हताशा में गोलीबारी करते हुए दरवाजे से बाहर की ओर दौड़े। मेजर गणेश मदप्पा बहादुरी से उनके निकट जाकर भिड़ गए परंतु दोनों ओर की गोलीबारी के दौरान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद उन्होंने भाग रहे उग्रवादियों पर कूल्हे का सहारा लेकर की गई गोलीबारी से उनमें से एक को मार गिराया।

यद्यपि उनके घावों से भारी मात्रा में खून बह रहा था फिर भी अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए जमीन पर गिर जाने तक उग्रवादियों का लगातार पीछा करते रहे बाद में 27 सितबर, 1995 को रात 10 बजकर 45 मिनट पर घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। संक्रिया स्थल से जिस एक उग्रवादी का गोलियों से छलनी किया हुआ शव मिला उसकी तारिक उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान प्रशिक्षत उग्रवादी के रूप में पहचान की गई।

इस प्रकार मेजर गणेश मदप्पा ने अपनी जान की बाजी लगाकर उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस और अत्यधिक कर्त्तव्यपरायण का परिचय दिया।

14. 136912 गार्डसमैन गोपा कुमार आर०, गार्डस
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 15 अक्तूबर, 1995)

12वीं राष्ट्रीय राइफल्स, गार्डसमैन गोपा कुमार आर०, 15 अक्तूबर, 1995 को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गडोह तहसील के सोते गांव में आकस्मिक गश्ती दल के एक सदस्य थे।

गार्डसमैन गोपा कुमार आर० ने एक मकान में कुछ संदेहास्पद हलचल देखी तथा उन्होंने गश्ती दल को सचेत किया और उसने मकान को घेर लिया। गार्डसमैन गोपा कुमार और दो अन्य साथियों के साथ मकान की तरफ बढ़ ही रहे थे कि आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी। अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना गार्डसमैन गोपा कुमार ने मकान के निचले तल की ओर धावा बोल दिया तथा अपनी अचूक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए एक आतंकवादी पर गोली दाग दी। गिरतेसमय आतंकवादी ने गश्ती दल पर फेंकने के लिए एक हथगोला निकाला जिसे गार्डसमैन गोपा कुमार ने झपट कर छीन लिया तथा उसें एक सुरक्षित स्थान पर फेंक दिया और इस तरह इन्होंने अपने साथियों के प्राणों की रक्षा की।

इसी वक्त, एक गोली उनकी बाई आंख में लगी और उनकी खोपड़ी में धंस गई। बेहद नाजुक लुहान होने के बावजूद उन्होंने कड़ा मुकाबला किया, वहीं डटे रहे तथा अपूर्व साहस तथा अचूक निशानेबाजी से अन्य फंसे आतंकवादियो को भागने नहीं दिया। 15 अक्तूबर, 1995 को उनके निस्वार्थ एवं सर्वोच्च बलिदान के परिणामस्वरूप हिजबुल के तीन आतंकवादी मार गिराए गए तथा उनसे भारी मात्रा में हथियार और असला बरामद हुआ।

इस प्रकार गार्डसमन गोपा कुमार आर० ने आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ते हुए अदम्य साहस और कर्तव्यपरायणता से परे एकनिष्ठ समर्पण भाव से सर्वोच्च बलिदान किया।

15. लेफ्टिनेंट कर्नल समीर कुमार चक्रवर्ती (आई सी-34600), से० मे० गढ़वाल राईफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अक्तूबर, 1995)

17 अक्तूबर, 1995 को 36 राष्ट्रीय राइफल्स के लेफ्टि० कर्नल समीर कुमार चक्रवर्ती जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में स्थित बागम गांव में घेराबंदी और खोज कार्य करवा रहे थे। खोजी दल 0800 बजे एक मकान से स्वचालित हथियारों से की जा रही भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया।

लेफ्टि० कर्नल समीर कुमार चक्रवर्ती निडरता से गोलीबारी के बीच से गुजरते हुए आगे बढ़े और मकान की तीन दिशाओं से सुनियोजित ढंग से घेराबंदी करवाकर दो अन्य रैंकों के साथ पिछवाड़े से मकान में पहुंच गए। एक बड़े कमरे की तीन खिड़कियों से आतंकवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी को ध्यान में रखते हुए इन्होंने अपने साथी सैनिकों को आवेश दिया कि वे उन्हें कार्रवाई करने में बाहर से सहायता प्रदान करें। ये दृढ़ निश्चय के साथ अधखुले दरवाजे से पिछवाड़े के कमरे में घुस गए।

ये अपनी अत्यंत व्यावसायिक कुशलता से आतंकवादियों पर अचानक धावा बोलने में कामयाब रहे। इन्होंने दूसरे कमरे में हथगोला फेंका और अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना उस कमरे पर अपनी स्वचालित राइफल से गोलीबारी कर दी। इसके बाद हुई भीषण मुठभेड़ में लेफ्टि० कर्नल समीर कुमार चक्रवर्ती, से० मे० ने 4 दुर्दान्त आतंकवादियों और तेहरीक-उल मुजाहिद्दीन के जिला प्रशासक को गोलियों से मार डाला। इस कार्रवाई में 3 ए० के० 47 राइफलें 7 ए० के० मेगेजीन, ए० के० गोलाबारूद के 81 राउंड और 8 हथगोले बरामद किए गए।

इस प्रकार लेफ्टि० कर्नल समीर कुमार चक्रवर्ती, से० मे० ने शानदार नेतृत्व, पहल, कर्तव्यपरायणता और असाधारण साहस का परिचय दिया।

---

16. 4355549 नायक सोमेश्वर सैकिया, असम रेजिमेंट
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अक्तूबर, 1995)

17 अक्तूबर, 1995 को 35 राष्ट्रीय राइफल्स की एक कंपनी को जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले के गौतापुरा गांव में राष्ट्र-विरोधी तत्वों के साथ मुठभेड़ के कार्य पर तैनात किया गया था। रेजिमेंट के नायक सोमेश्वर सैकिया घेराबंदी की कार्रवाई के दौरान अपने दूसरे साथी के सहित एक हल्की मशीन गन पर तैनात थे।

पूर्वाह्न 10 बजकर 45 मिनट पर यह हल्की मशीन गन राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा एक निकटवर्ती मकान से की गई प्रभावी गोलीबारी की गिरफ्त में आ गई। उन तत्वों के प्रभावी रूप से गोलीबारी करने और लगातार हथगोले फेंकने के बावजूद नायक सोमेश्वर सैकिया उन पर लगातार प्रभावी गोलीबारी करते रहे। उन्होंने अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह नहीं की और रेंगकर राष्ट्रविरोधी तत्वों के कब्जे वाले उस मकान तक पहुंच गए जहां से प्रभावी गोलीबारी की जा रही थी। उन्होंने मकान के निकट जाकर एक हथगोला फेंक कर राष्ट्रविरोधी तत्व का काम तमाम कर दिया जो हमारे सैनिकों पर एम-80 एमएमजी से गोलीबारी कर रहा था। नायक सोमेश्वर सैकिया की इस असाधारण साहसपूर्ण कार्रवाई के दौरान एक अन्य मकान से राष्ट्रविरोधी तत्व द्वारा की जा रही गोलीबारी से उनके पेट में एक गोली आ लगी। गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद नायक सोमेश्वर सैकिया ड्यूटी की अपेक्षाओं से भी आगे बढ़कर असाधारण वीरता का परिचय देते हुए अकेले ही दूसरे राष्ट्रविरोधी तत्व पर टूट पड़े और उसका काम तमाम कर दिया।

नायक सोमेश्वर सैनिकया ने इस कार्रवाई में सर्वोच्च बलिदान दिया और 17 अक्तूबर 1995 को रात 8 बजकर 15 मिनट पर घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। अंतत : इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप चार विदेशी भाड़े के उग्रवादियों सहित छः उग्रवादियों को उस मकान से बाहर किया जा सका।

इस प्रकार नायक सोमेश्वर सैकिया ने आतंकवादियों की तीव्र गोलीबारी का सामना करने में अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी चिन्ता किए बिना उत्कृष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

17. 1580381 सैपर बलबीर सिंह इंजीनियर्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अक्तूबर 1995)

17 और 18 अक्तूबर, 1995 को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर जिले की गदरबाल सहसील के करहमा गांव में 13 राष्ट्रीय राइफल ने खोज एवं मुठभेड़ कार्रवाई की। 17 अक्तूबर, 1995 को दोपहर के लगभग 1.30 बजे आतंकवादियों ने अपने सैन्य दलों पर गोलीबारी की और लगभग छः घंटों तक भीषण गोलाबारी हुई। यह संपर्क होने के समय 13 राष्ट्रीय राइफल के सैपर बलबीर सिंह भी उनमें से एक स्काउट थे। इस जवान ने असाधारण सशस्त्र कौशल से एक आतंकवादी को धराशाई होने का मौका दिए बिना मार गिराया। बाद में आत्मरक्षा की परवाह न करते हुए और अपने कर्त्तव्य को स्वयं से अधिक महत्व देते हुए वे अपने साथी सहित आतंकवादियों को भागने का मौका दिए बिना उनके पीछे भागे और उन्होंने दो मकानों के बीच उन्हें घेर लिया।

भीतर छिपे आतंकवादियों ने जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सैपर बलबीर सिंह ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तथा इस तथ्य को समझते हुए कि अंधेरा तेजी से बढ़ रहा है, खिड़की को तोड़कर, कमरे में धावा बोल दिया। आतंकवादी से हाथापाई हुई और उसे मार गिराया। इस प्रक्रिया में उनकी गर्दन में गोली लगी और 17 अक्तूबर, 1995 को दो आतंकवादियों को मारने तथा दो ए० के० राइफलें बरामद करने के बाद अस्पताल ले जाते हुए उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार सैपर बलबीर सिंह ने सर्वोच्च बलिदान देने से पूर्व अनुकरणीय कर्त्तव्यपरायणता, असाधारण साहस एवं हथियारों का उपयोग करने में उच्चकोटि के कौशल का परिचय दिया।

18. मेजर बलराज शर्मा (आई० सी०-49611), कवचित कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 नवम्बर 1995)

18 नवम्बर, 1995 को सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर लगभग 20 विद्रोहियों ने मोंगबंग में 8 मणिपुर राइफल्स की एक टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया और तीन नागरिकों को हत्या कर दी तथा बस में यात्रा कर रहे दो अन्य व्यक्तियों को घायल कर दिया।

गोलीबारी की आवाज सुनकर 90 कवचित रेजीमेंट के मेजर बलराज शर्मा जोकि सुंगनू चौकी पर तैनात 10 जम्मू कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री के साथ संबद्ध थे तत्काल तीव्र प्रतिक्रिया दल सहित घटना स्थल पर पहुंचे। इस अफसर ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र एवं यकपी और मणिपुर नदियों के सीने तक गहरे जल में से होकर रास्ता तय करते हुए भागते। विद्रोहियों का पीछा करने में साढ़े तीन घंटों तक अपने दल का नेतृत्व किया तथा मोंगबंग गांव के निकट दोपहर लगभग एक बजे उनसे संपर्क स्थापित किया।

स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी करते विद्रोहियों के साथ उनकी गंभीर मुठभेड़ शुरु हो गई। इसके बावजूद अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए निर्भीकतापूर्वक अपने मोर्चे की स्थिति से 15 मीटर तक रेंगकर आगे बढ़े। इन्होंने स्वयं हमला बोल दिया और इनके प्रहार ग्रुप पर हथगोला फेंकने का प्रयास कर रहे विद्रोहियों का काम तमाम कर दिया और उनकी हल्की मशीन गन पर कब्जा कर लिया। इस अफसर के वीरतापूर्ण कृत्य से इस सिक्रया की समग्र सफलता में सहायता मिली जिसके परिणामस्वरूप सात विद्रोही मारे जा सके एक को पकड़ लिया गया और उनसे एक हल्की मशीन गन एवं सेल्फ लोडिंग राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया जा सका।

इस प्रकार मेजर बलराज शर्मा ने उत्कृष्ट वीरता, अदम्य उत्साह एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

---

19. कैप्टन रमेश सिंह (आई० सी०-48334), सेना सेवा कोर (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 3 जनवरी, 1996)

3 जनवरी, 1996 को 13 राष्ट्रीय राइफल्स को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले के तुलामुला और रामपुर गांव में आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। आतंकवादियों ने सुबह सवा दस बजे टुकड़ियों पर गोलीबारी की जिसमें एक हताहत हुआ।

सेना सेवा कोर के कैप्टन रमेश सिंह ने दोपहर 1.30 बजे देखा कि कुछ आतंकवादी एक तिमंजिले मकान से स्निपर और पिकास से गोलीबारी कर रहे है । स्थिति की गंभीरता और टुकड़ियों के लिए खतरे का अहसास होते ही कैप्टन रमेश सिंह मकान के अंदर गए और आतंकवादियों के गुट पर धावा बोल दिया और उनमें से एक को उसी समय मार डाला । इस कार्रवाई में कैप्टन रमेश सिंह की टांग जख्मी हो गई । किंतु इस साहसी अफसर ने अपने समूह सहित मकान के अंदर छिपे अन्य आतंकवादियों को फंसाए रखा ।

तभी एक आतंकवादी ने कैप्टन रमेश सिंह पर हमला किया जिन्होंने बुरी तरह घायल तथा गंभीर स्थिति होने के बावजूद एक आतंकवादी को मौके पर ही मार गिराया । ऐसा करते हुए वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया । मारे गए आतंकवादियों की हिजबुल मुजाहिद्दीन तथा फयाज के एक आत्मघाती दस्ते अस बदर के डिप्टी चीफ गजल भानी एक पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी के रूप में पहचान की गई । उनसे एक स्निपर राइफल, एक ए० के०-56 तथा एक पिस्तौल बरामद हुई ।

इस प्रकार कैप्टन रमेश सिंह ने असाधारण वीरता, कर्तव्यपरायणता, सामरिक सूजबूझ का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान किया ।

20. मेजर राजीव कुमार लाल (आई० सी०-46690), गार्डस (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 4 जनवरी, 1996)

13 गार्डस के स्थापना दिवस पर 4 जनवरी, 1996 को 12.30 बजे जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में जैनाकुट गांव में विदेशी आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर 13 गार्डस के मेजर राजीव कुमार लाल ने अपनी कंपनी को खोजा कार्रवाई के लिए तीव्रता से गठित किया ।

गांव में खोजी कार्रवाई करते समय यह अफसर ओट में छिपे आतंकवादियों के एक समूह की प्रभावी गोलीबारी में घिर गया । यह अफसर किसी प्रकार उनके समीप जा पाने में सफल हो गया और उन्हें व्यक्तिगत रूप से भीषण गोलीबारी में उलझा दिया । इस अफसर पर और इसके सैन्य दल पर एक मकान की अटारी से आतंकवादियों के एक अन्य समूह ने छिपकर गोली चलाई जिससे यह अफसर बुरी तरह घायल हो गया ।

बुरी तरह घायल होने के बावजूद इस अफसर ने अदम्य साहस का परिचय दे कर उन भागते हुए आतंकवादियों को उलझाए रखा, इसकी नाड़ी की गति धीमी पड़ती जा रही थी और चेतना जवाब दे रही थी परन्तु इस सब पर नियंत्रण रखते हुए इन्होंने अपना दम तोड़ने से पूर्व दोनों आतंकवादियों को गोली मारकर मार गिराया ।

अफसर और इसके सैन्य दल के सम्मुख आए भारी खतरे का सामना करने में इनके द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय पुरुषार्थ, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प इन्हें भारतीय सेना की सच्ची परंपराओं के अनुरूप असाधारण गुणता सम्पन्न नायक के रूप में प्रस्तुत करता है ।

